कार्यालय – प्राचार्य

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय–गुण्डरदेही, जिला–बालोद (छ.ग.)

क्रमांक – 186/अतिथि व्या./2023 **गुण्डरदेही, दिनांक – 12-07-2023**

महाविद्यालय में अध्यापन व्यवस्था (अतिथि व्याख्याता)

// सूचना//

शैक्षणिक सत्र 2023 – 24 में महाविद्यालय में प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रिक्त पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु अतिथि व्याख्याता के लिए कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्रमांक 504/126/आउशि/राज.स्था./2023, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक – 10-07-2023 के परिपालन में दिनांक – 27-07-2023 को शाम 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता हैं।

क्रं.	विषय	रिक्त	योग्यता
01	वाणिज्य	03	संबंधित विषय में कम से कम 55% (अ.जा./अ.ज.जा. हेतु 50%) अंक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। (संबंधित विषय में नेट/स्लेट, पी.एच.डी., एम.फिल. उपाधिधारक को नियमानुसार प्राथमिकता दी जायेगी।)
02	भौतिक शास्त्र	01	
03	गणित	01	
04	जन्तुविज्ञान	01	
05	हिन्दी	01	

1. चयन प्रक्रिया आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेशानुसार मेरिट आधार पर की जावेगी ।
2. अंकसूचियों एवं प्रमाण – पत्रों की स्वतः प्रमाणित प्रतियों के साथ पूर्ण विवरण सहित सादे कागज में आवेदन निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय को डाक से या व्यक्तिगत रूप से सीधे कार्यालय में जमा किया जा सकता है।
3. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. अध्यापन हेतु प्रति व्याख्यान (40/45 मिनट) 300 रू. जो प्रतिदिन 1200 रू. तथा प्रतिमाह 31200/– से अधिक नहीं होगा।
5. अतिथि व्याख्याता की सेवाएं भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं बनेगा और न हि वे अधिमानिक बर्ताव (Preferential Treatment) के हकदार होगें।
6. अध्यापन कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कार्य से मुक्त किया जा सकेगा।
7. जिन विषयों में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति अथवा स्थानांतरण से पदस्थापना की जायेगी उन विषयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निरस्त मानी जावेगी।
8. यह व्यवस्था तभी तक होगी जब तक चालू सत्र 2023 - 24 में अध्यापन कार्य जारी रहेगा।
9. लिफाफे के ऊपर ‘ अतिथि व्याख्याता – विषय – .... ’ अवश्य अंकित करें।

सही/–
डॉ.डी.आर.मेश्राम
प्राचार्य

पृ. क्रमांक – **187**/अतिथि व्या./2023 गुण्डरदेही, दिनांक – 12-07-2023

प्रतिलिपि –

01. सूचना पटल ।
02. प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय को इस सूचना को सूचना पटल पर स्थान देने के अनुरोध सहित प्रेषित।

डॉ.डी.आर.मेश्राम
PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Dist.-Balod (C.G.)